प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 31.07.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. विधानसभा में शोर शराबे के बीच उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र एवं अन्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण विधेयक और उत्तर प्रदेश नजूल सम्पत्ति विधेयक पारित।
2. विधान परिषद में आज उठा न्यू पेंशन स्कीम का मामला : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– पेंशन स्कीम में सरकार के शेयर को 10 से बढ़ाकर 14 प्रतिशत किया गया।
3. प्रदेश के सभी क्षेत्रों को तय शेड्यूल के अनुरूप मिलेगी बिजली : ऊजा मंत्री ए के शर्मा ने कहा– आपूर्ति बाधित होने पर अतिरिक्त आपूर्ति देकर की जाए उसकी भरपाई।

और

4. लखनऊ समेत प्रदेश के कई जनपदों में आज हुई तेज बारिश : मौसम विभाग ने बांदा, चित्रकूट और हमीरपुर समेत नौ जनपदों के लिये जारी किया बारिश का ऑरेंज अलर्ट।

————————

मानसून सत्र के तीसरे दिन विधानसभा में शोर शराबे के बीच उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र और अन्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण विधेयक 2024 और उत्तर प्रदेश नजूल सम्पत्ति विधेयक ध्वनिमत से पारित हो गया। उत्तर प्रदेश

राज्य राजधानी क्षेत्र में प्रदेश के 6 जिला लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली और बाराबंकी को शामिल किया गया है। इन जिलों की 27 हजार 826 वर्ग किमी भूमि को एससीआर में शामिल किया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण का मुख्यालय लखनऊ में बनाया जाएगा। प्राधिकरण के अध्यक्ष मुख्यमंत्री और उपाध्यक्ष मुख्य सचिव होंगे।

सदन में सपा के शिवपाल सिंह यादव ने जिले में अधिकारियों के जनप्रतिनिधियों को बैठक में न बुलाने का मुद्दा उठाया। जवाब में संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि हर जिले में जनप्रतिनिधियों के साथ पुलिस आर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये जायेंगे। सदन में गन्ना किसानों की समस्याओं का मामला भी उठा। इसके जवाब में गन्ना विकास मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद से गन्ना किसानों का भुगतान शत प्रतिशत सुनिश्चित कराया जा रहा है।

——————————

उत्तर प्रदेश विधानमंडल के मानसून सत्र के तीसरे दिन आज विधान परिषद में न्यू पेंशन स्कीम, स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का मामला उठा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज विधान परिषद में न्यू पेंशन स्कीम को लेकर पूछे गये सवाल का जवाब देते

हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने के बाद राज्य के करीब साढ़े सात लाख कर्मचारियों के पेंशन खाता खोलने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि हमन पेंशन स्कीम में सरकार के शेयर को 10 फीसदी से बढ़ाकर 14 प्रतिशत किया है। हमने सभी कर्मचारियों के अकाउंट खोले, 2005 से 2017 तक का पैसा जो कर्मचारियों के खाते में नहीं गया था, क्योंकि खाता ही नहीं था, उस पैसे को भी डालने का काम किया। बाइट......

*उ0प्र0 देश का पहला राज्य है जिसने 2019 में इस प्रक्रिया को स्वीकार करते हुए अपना शेयर 10 प्रतिशत से बढ़ाकर के 14 फीसदी हमने किया है। एक साथ 2019 में हमने 7.50 लाख से अधिक हमारे जितने सरकारी कर्मचारी थे जिनको तैनात नियुक्ति इसके बाद हुई है। इन सबके एकाउंट खोलने पर 7.50 लाख कर्मचारियों के एकाउंट खो गये गये है। पिछला पैसा 2005 से लेकर 2017 तक का पैसा जो जमा नहीं हुआ था एक मुश्त उन एकाउंट में डालने की व्यवस्था सुनिश्चित की हैं आज मैं कह सकता हूं उस व्यवस्था का लाभ कोइ भी कर्मचारी लेगा। उस कर्मचारी को लास्ट पेय ड्रा होने के बाद पेंशन के रूप में वह 60 प्रतिशत पेंशन की राशि के बराबर प्राप्त कर सकता है यदि वह इस घोषणा के तहत है।*

मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि 2005 में न्यू पेंशन स्कीम लागू होने के वक्त जिन कर्मचारियों की नियुक्ति अंतिम चरण में थी, ऐसे 70 हजार लोगों को ओल्ड पेंशन स्कीम में ही रखा, इनमें एक बड़ी संख्या शिक्षकों की है।

मुख्यमंत्री ने श्रमिकों से जुड़े सवाल पर कहा कि श्रमिकों के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए सरकार कई योजनाये चला रही है। पहली बार डबल इंजन की सरकार

बनने के बाद श्रमिकों के बच्चों के लिए अटल आवासीय विद्यालय बनाये गये हैं, जिसमें श्रमिकों के बच्चों को उच्च कोटि की शिक्षा दी जा रही है।

विधान परिषद में प्रमुख सचिव ने विधानसभा से पारित होकर आये विधेयकों उत्तर प्रदेश विधि विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक, उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्ष अनुचित साधनों का निवारण विधेयक और उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ संशोधन विधेयक को सदन के पटल पर रखा।

———————

प्रदेश सरकार ने निर्धारित शेड्यूल के अनुरूप सभी क्षेत्रों को निर्बाध बिजली देने के निर्देश दिए हैं। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटे, तहसील मुख्यालय स्तर पर साढ़े 21 घंटे और जनपद मुख्यालय स्तर पर 24 घंटे विद्युत आपूर्ति का शेड्यूल प्रदेश सरकार ने निर्धारित किया है, जिसे हर हाल में बनाए रखना है। किसी भी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति के दौरान यदि कोई स्थानीय फाल्ट के कारण कुछ समय के लिए विद्युत आपूर्ति बाधित होती है, तो उसकी भरपाई रोस्टर कटौती के दौरान अतिरिक्त आपूर्ति देकर की जाए। उन्होंने कहा कि बाधित सप्लाई के बदले प्रतिपूरक आपूर्ति की यही व्यवस्था कृषि फीडरों पर भी लागू होगी, जिससे किसानों को सिंचाई के लिए समस्या न हो। इस व्यवस्था

को अनिवार्य रूप से सभी डिस्कॉम अपने क्षेत्रों में लागू करेंगे, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

——————————

समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद आजम खां समेत छह लोगों को चर्चित डूंगरपुर प्रकरण में रामपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने बरी कर दिया है। इस मामले में हफ्ते भर पहले कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस पूरी हो गई थी। मालूम हो कि सपा सरकार में डूंगरपुर में घरों को खाली कराया गया था। 2019 में इस मामले में 12 लोगों की ओर से मुकदमे दर्ज कराये गये थे।

——————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

जिंगल

ताज़ा समाचार जानने क लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

फिलहाल वक्त है एक ब्रेक का

जिंगल

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

उत्तर प्रदेश में आज लखनऊ, बाराबंकी, वाराणसी, पीलीभीत, मऊ, बदायूं, जौनपुर समेत अन्य जिलों में बारिश होने से लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली। पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में आज मध्यम से तेज बारिश दर्ज की गई। जौनपुर में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए जिलाधिकारी रवींद्र कुमार के निर्देश पर आज कक्षा 8 तक के सभी स्कूल बंद रहे।

मौसम विभाग की ओर से बांदा, चित्रकूट, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर और आसपास के इलाकों में भारी बारिश की आशंका को देखते हुए कल के लिये ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा वाराणसी, गाजीपुर, गोरखपुर, कुशीनगर, गोण्डा, बहराइच, कानपुर, लखनऊ, उन्नाव, बरेली, मेरठ, आगरा, बाराबंकी समेत कई अन्य जनपदों में कल के लिये बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही पश्चिमी यूपी में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश और पूर्वी यूपी में कुछ स्थानों पर भारी बारिश के साथ बिजली गिरने की संभावना है। बारिश के साथ ही बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण वाराणसी में गंगा नदी का

जलस्तर बढ़ रहा है, जिसके कारण गंगा आरती का स्थान भी 20 मीटर पीछे खिसक गया है।

फरूखाबाद में गंगा नदी खतरे के निशान से पांच सेंटीमीटर ऊपर बह रही है और नदी का पानी कई गांवों तक पहुंच गया है। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट......

*पहाड़ों पर लगातार बारिश बांध से छोड़ा जा रहा गंगा व रामगंगा नदी में पानी। गंगा नदी खतरे के निशान से 5 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। दो दर्जन गांवों में घुसा गंगा नदी का बाढ़ का पानी। गंगा नदी में नरौरा बांध से 97 हजार क्यूसेक , बिजनौर बैराज से 67 हजार क्यूसेक, हरिद्वार बांध से 69 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। फर्रूखाबाद पांचाल घाट गंगा का जलस्तर 136.70 मीटर पर पहुंचा जो कि खतरे के निशान से 5 सेंटीमीटर ऊपर है.. वही फर्रुखाबाद जनपद की दूसरी नदी रामगंगा में आज 4453 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया, रामगंगा का जलस्तर 134.95 मीटर जिससे आसपास के इलाकों व गांव में घुसा बाढ़ का पानी। बाढ़ के चलते लोगों को हो रही है भारी दिक्कत रोजमर्रा की जिंदगी हो रही है प्रभावित। प्रशासन लगातार लोगों को राहत पहुंचाने का काम कर रहा है किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना ना हो लोगों की मदद के लिए बाढ़ चौकियां भी बनाई गई हैं।*

————————

पूर्व केन्द्रीय मंत्री संतोष कुमार गंगवार ने आज झारखण्ड के नये राज्यपाल की शपथ ली। झारखण्ड उच्च न्यायालय के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद ने उन्हें रांची के राजभवन में शपथ दिलाई।

75 वर्षीय श्री गंगवार बरेली के रहने वाले हैं और बरेली से आठ बार सांसद रह चुके हैं।

(समाप्त)